गाँधी जयंती समारोह 2019

गाँधी जयंती के 150वे जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय प्रांगण में अनेक कार्यक्रम संचालित किए गए।

दिनांक 1 अक्टूबर को प्रार्थना सभा के अंतर्गत विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन , उप प्राचार्य ब्रदर बाला जोसफ कोआर्डिनेटर, सिस्टर ऐंजल एवं ज्योति मेम तथा, समस्त शिक्षक –शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सर्वधर्म प्रार्थना में सम्मिलित होकर सांप्रदायिक समभाव व्यक्त किया प्रार्थना सभा का आयोजन स्काउट गाइड विभाग के द्वारा किया गया। इसके अंतर्गत समस्त धर्मो की प्रार्थनाओं का सामूहिक गायन किया गया। इसके साथ ही गाँधी जी द्वारा रचित **''हिन्द स्वराज्य''** नामक पुस्तक का सामूहिक वाचन किया गया। जो 25 सितम्बर से निरन्तर किया जा रहा है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने गाँधीजी एवं शास्त्रीजी के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने की ओर सभी का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य है सांप्रदायिक एकता के साथ देश एवं राष्ट्र की उन्नति में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

इसी उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर 2019 को गाँधी जयंती के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में दो दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया । जिसमें स्काउट गाइड के द्वारा पुनः सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया । एवं अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इसके साथ ही गाँधीजी के प्रिय भजनों का गायन किया गया एवं उनके जीवन के मुख्य अंशों पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किए गए ।

कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों महान नेताओं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधीजी एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के जीवन से संबंधित प्रेरणादायी घटनाओं की विद्यार्थियों द्वारा भाषण के रूप में प्रस्तुत किया गया। इसी तारतम्य में गांधी जयंती के अवसर पर गांधी फिल्म दिखाकर विद्यार्थियों की उनके जीवन से प्रेरित होने की शिक्षा प्रदान की गई ।

विद्यालय में कक्षा पहली एवं दूसरी के लिए भाषण प्रतियोगिता,तीसरी से कक्षा पाँचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए कहानी सुनाने की प्रतियोगिता , कक्षा छटवीं से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए सामूहिक रंगोली प्रतियोगिता, कक्षा नवमीं एवं दसवीं कक्षा के लिए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन गाँधी जी के 150वे जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में किया गया। विद्यालय के प्राथमिक एवं सीनियर विभाग के समस्त विद्यार्थियों ने समस्त प्रतियोगिताओं में बढ़ – चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में समस्त शिक्षक –शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता अंकित की एवं महान व्यक्तित्वों के महान कार्यो का जाना।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने गाँधी जी के 150 वे जन्म वर्ष की सभी को शुभकामनाएँ देते हुए उनके बताए हुए मार्ग का अनुसरण करने की प्रेरणा दी और कहा हम सभी का लक्ष्य देश की प्रगति होना चाहिए ताकि हम गाँधीजी के विचारों को आगे बढ़ाएँ एवं देश की प्रगति, एकता एवं भेदभाव सहित समाज के उनके स्वप्न को साकार करें। प्राचार्य महोदय ने प्लास्टिक रहित स्वच्छ भारत के संकल्प को मूर्त रूप प्रदान करने की उपस्थित समस्त जनों को प्रेरणा दी। एवं उनके बताए दिशा निर्देशो के अनुसार खादी के वस्त्रों को धारण कर देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

एवं कहा कि हमारे मोंटफोर्ट विद्यालय में आज से कोई भी प्लास्टिक का उपयोग नही करेगा।

और स्वच्छ भारत के स्वप्न को हम साकार करेंगें।